**आकाशवाणी शिमला**

**27.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर खर्च होंगे एक हज़ार करोड़ रूपए।**
- **राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कर व्यवस्था को न्याय संगत और लोक कल्याणकारी बनाने पर दिया बल।**
- **शिक्षा मंत्री ने राज्य में शिक्षा गुणवत्ता में और सुधार लाने सहित जवाबदेही तय करने के दिए निर्देश।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राष्ट्रव्यापी सर्वाइकल केंसर टीकाकरण अभियान के शुभारंभ को बताया ऐतिहासिक।**

## मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर एक हजार करोड़ रूपये की राशि खर्च होगी। हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान आज उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के साथ–साथ अन्य अस्पतालों में भी स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर कैंसर अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए 11 नए विशेषज्ञ विभाग स्थापित किए जा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के साथ संवाद भी किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हमीरपुर जिले के जसकोट में निर्माणाधीन हेलीपोर्ट और एक सौ 23 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे हमीरपुर बस अड्डे का निरीक्षण भी किया।

## मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज शिमला के आई.जी.एम.सी अस्पताल में थ्री टेस्ला एम.आर.आई मशीन का लोकार्पण किया जिससे मरीजों को आने वाले समय में काफी लाभ होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अगले एक वर्ष के भीतर सभी मेडिकल कॉलेजों में हाई एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी स्थापित कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करेगी।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला में भारत में कर सुधार–चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात विशेषकर उदारीकरण के बाद भारत की कर प्रणाली में व्यापक सुधार किए गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि हाल ही के वर्षों में प्रशासन के डिजिटलीकरण, फेसलैस एसेस्मेंट, ऑनलाइन अपील, सरल रिटर्न प्रकिया और करदाता चार्टर जैसी पहलों से पारदर्शिता बढ़ी है। शिवप्रताप शुक्ल ने कहा कि कर व्यवस्था न्यायसंगत, संतुलित व लोक कल्याणकारी होनी चाहिए ताकि नागरिकों पर अनावश्यक बोझ न पड़े।

## चंद्र कुमार

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि खेती के कार्यों को सुगम बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। वे आज कांगड़ा जिला के ज्वाली में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान कार्यशाला में बोल रहे थे। चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य व केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत कांगड़ा जिला में कृषि विभाग के माध्यम से करीब 16 करोड़ खर्च करने का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने

कहा कि इन योजनाओं के तहत किसानों को ट्रैक्टर और पॉवर वीडर जैसी कई प्रकार की कृषि मशीनरी, बीजों व कीटनाशकों पर अनुदान दिया जा रहा है।

**अग्निहोत्री**

ऊना जिले में बीते डेढ़ वर्ष के दौरान सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर एक सौ 86 करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं। इस राशि से 70 हज़ार से अधिक पात्र परिवारों को लाभ मिला है। ऊना में एक बैठक में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ये जानकारी देते हुए बताया कि सरकार समाज के कमजोर व वंचित वर्गों के कल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार ये सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का समय पर व पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचे।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विभाग के उपनिदेशकों को शिक्षा गुणवत्ता में और सुधार लाने सहित जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज एक बैठक में उन्होंने अधिकारियों को समग्र शिक्षा के तहत जारी धनराशि का समयबद्ध उपयोग करने के भी निर्देश दिए और इसका आगामी 31 मार्च तक पूरा खर्च सुनिश्ति करने पर बल दिया। रोहित ठाकुर ने विलय के बाद खाली हुए स्कूल भवनों को जनहित में उपयोग करने पर भी बल दिया। उन्होंने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के तहत होने वाली परीक्षाओं की तैयारियों की समीक्षा भी की और सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य करने के निर्देश दिए।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राष्ट्रव्यापी सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान शुरू करने को केंद्र सरकार का ऐतिहासिक कदम करार दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि ये अभियान महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी और दूरदर्शी कदम है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये टीकाकरण कार्यक्रम सरकार की मातृशक्ति के स्वास्थ्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है क्योंकि भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसर में सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर चुनौती बना हुआ है और इससे हर वर्ष हज़ारों परिवार प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम न केवल बीमारी के बोझ को कम करेगा बल्कि आने वाली पीढ़ी को एक रोग मुक्त भविष्य की गारंटी भी प्रदान करेगा।

**पीआईबी**

हिमाचल प्रदेश के पत्रकारों का एक दल इन दिनों पत्र सूचना कार्यालय शिमला के माध्यम से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की यात्रा पर है। इस दौरान पत्रकारों ने कई स्थानों पर विकासात्मक योजनाओं की जानकारी हासिल की। पत्र सूचना कार्यालय के सहायक निदेशक संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार का ये बेहद सराहनीय प्रयास है जिससे मीडिया कर्मियों को राज्य से बाहर के स्थल व उनकी जानकारी हासिल होती है।

वरिष्ठ पत्रकार उज्ज्वल शर्मा ने इस दौरे को लाभकारी बताते हुए कहा कि इस यात्रा में उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समुह की संस्कृति व ऐतिहासिक स्थलों को जानने का अवसर मिला है।

**धनीराम शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि सरकार प्रदेश के अंतिम व्यक्ति को विकास की धारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। सोलन उपमंडल के जौणाजी में आज सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वर्तमान में नशा स्वस्थ्य जीवन के लिए एक चुनौती बनकर उभरा है। उन्होंने सभी से युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने में सरकार के सहायक बनने का आग्रह किया।

**कुलदीप पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम जन समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बनकर उभरा है। चंबा जिले के मैहला में आज उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान हो रहा है। इसके अलावा लागों द्वारा रखी जा रही विभिन्न मांगों से क्षेत्र की आवश्यकताओं की जानकारी भी सरकार के समक्ष पहुंच रही है।

**पर्यटन मेला**

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के युवा पर्यटन उद्यमी और राइजिंग डस्ट एडवेंचर्स के संस्थापक विक्रम कटोच जर्मन के बर्लिन में विश्व के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेले आईटीबी बर्लिन में भाग लेंगे। 3 मार्च से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में दुनिया भर से एक लाख से अधिक पर्यटन विशेषज्ञ शामिल होंगे। विक्रम कटोच का कहना है कि इस मंच के माध्यम से वे युरोप की उन्नत पर्यटन प्रबंधन प्रणाली और आधुनिक मार्केटिंग रणनीतियों को समझ कर लाहौल के पर्यटन विकास में लागू करेंगे।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर खर्च होंगे एक हज़ार करोड़ रूपए।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कर व्यवस्था को न्याय संगत और लोक कल्याणकारी बनाने पर दिया बल।
- शिक्षा मंत्री ने राज्य में शिक्षा गुणवत्ता में और सुधार लाने सहित जवाबदेही तय करने के दिए निर्देश।

  और
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राष्ट्रव्यापी सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान के शुभारंभ को बताया ऐतिहासिक।